# उप्र की अर्थव्यवस्था वन ट्रिलियन डालर पहुंचाने में एआइ होगा मददगार : मिश्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डालर तक पहुंचाने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) मददगार साबित होगा। इस संदर्भ में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में एआइ पर बुधवार को उनके कार्यालय में उच्च स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि एआइ को अपने दैनिक कार्यों में शामिल करके इसके परिवर्तनकारी परिणाम हासिल करें।

कार्यशाला में वैश्विक एआइ विशेषज्ञ डा. सुबी चतुर्वेदी ने अधिकारियों को सरकारी कार्यों में एआइ की मदद कैसे ली जा सकती है, इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 तक उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था में बदलने के लिए एआइ काफी मददगार साबित हो सकता है। एआइ उपयोगकर्ताओं के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों को भी बदल देगा, जिसके परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था में तेजी से वृद्धि होगी। उन्होंने प्रशासनिक कार्यों में इसके इस्तेमाल पर जोर दिया। साथ ही कहा कि सार्वजनिक सेवा वितरण, बुनियादी ढांचे की योजना, कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा सहित अन्य क्षेत्रों में एआइ का उपयोग किया जा सकता है। इस मौके पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विकास को लेकर यूपीएआइ का भी अनावरण किया गया।